## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार में मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस



**शहडोल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ार के सभागार शनिवार को खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ शैली जैन की उपस्थिति में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसमें रामचन्द्र चतुर्वेदी एम टी एस बुढार ने विश्व मलेरिया दिवस की थीम ,बुखार रोगियों की निः शुल्क जांच एवं उपचार, लार्वा सर्वे, लार्वा विनष्टीकरण, प्रवासी मजदूरों की पहचान और जांच, ग्राम स्तर पर नारे लेखन, मलेरिया नियंत्रण हेतु प्रचार - प्रसार ,बी की आई,टेमोफास, पायरेथ्रम का उपयोग, स्थाई/अस्थाई जल स्रोतों की जानकारी एवं लार्वाभक्षी मछली का संचयन इत्यादि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर बीईई,बीपीएम, बीसीएम,बीए एम, समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, समस्त आशा सुपरवाइजर, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मेंटेनेंस के नाम पर बेजा कटौती, हलकान किसान



**शहडोल।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 15 अप्रैल से मेंटेनेंस के नाम पर अदा धुंध कटौती की जा रही है, लेकिन कटौती का जो समय निर्धारित किया गया है, वह सुबह 7 से 2 बजे तक का रखा गया है, लेकिन उसके बाद भी कटौती की निरंतर समय सीमा बढ़ा दी जा रही है, जिसकी सूचना ना तो किसानों को दी जा रही है और ना ही उपभोक्ताओं को, जिसके चलते ग्रामीण और किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। इस बात को लेकर ग्रामीणों में रोष भी है।

**इन फिडरों का हाल बेहाल-** ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर दूर दराज के फीडर को जानबूझकर पावर कट कर दिया जाता है , जिसकी वजह से खेती किसानी में भी लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है, क्षेत्र के अमरहा, भमरहा ,सिंहपुर, बोडरी, जोधपुर सहित कई फीडर में मनमानी हावी है। क्षेत्र में मनमानी कटौती को लेकर यदि उपभोक्ता समस्या की जानकारी लेना चाहे तो जिम्मेदार विभाग के कर्मचारियों ,अधिकारियों के या तो मोबाइल फोन बंद रहते हैं और अगर चालू भी है तो घंटी बस जाती हैं और फोन नहीं उठते, यही हाल यहां के लाइनमैन का भी है।

### एसईसीएल के मनमानी रवैया को लेकर बैठक संपन्न

**शहडोल।** रामपुर प्रभावित किसानों ने आकस्मिक बैठक बुलाकर जनपद सदस्य चंद्र कुमार तिवारी के अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई, बैठक के मुद्दे विशेष रूप से रामपुर-बटुरा खुली खदान परियोजना प्रभावित किसान लगातार 2009-10 से संघर्षरत हैं और एसईसीएल कुंभकरणीय नींद में सो रहा है, जनपद सदस्य चंद्र कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति मनमोहन चौधरी गांव के ही वरिष्ठ आनंद त्रिपाठी, भूपेश शर्मा, सरपंच श्रीमती प्रेमिया बैगा, उपसरपंच राजाराम मिश्रा पूर्व जनपद सदस्य नेमसाय राजू सोनी पूर्व सरपंच झोले बैगा पूर्व सरपंच नानसाय बैगा पूर्व सरपंच प्रमोद बैग पूर्व उप सरपंच रमेश साहू सहित अन्य संस्थान संगठन के साथियों के द्वारा समर्थन करने हेतु प्रगतिशील लेखक संघ एवं संयुक्त किसान मोर्चा के अलावा रामपुर खाड़ा बेलिया के प्रभावित किसानों के समर्थन में अपना वक्तव्य जारी किया है। उन्होंने कहा है यह लड़ाई सिर्फ रामपुर, बेलिया अतरिया, खैरबना, बिछिया, भटूरा, का ही नहीं है, बल्कि यह समझे किसान जगत की है, यह हमारी सब की लड़ाई है, इस बार जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक खदान बंद रहेगी।

इस पूरे बैठक का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा की विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई , सर्वप्रथम पुनर्वास पुनस्थापना परसंपत्ति की मुआवजा जो कि लंबे समय से रुका हुआ है, इसे पूरा किया जाए, इसके पश्चात एसईसीएल के भूल बस अधिग्रहित जमीन जिनका मुआवजा किसानों को भुगतान किया जा चुका है, वह जमीन अभी भी नोटिफिकेशन से बाहर है, कितनी बड़ी चूक है, उसका भी परिणाम किसान भोग रहा है, 10 वर्ष पहले अधिग्रहण हुआ था, 2016 में मुआवजा भुगतान हुआ, इसके बाद से अभी भी किसान रोजगार के लिए वांछित है, इसका जिम्मेदार कौन है, रोजगार के फाइलों को कोरोना की महामारी बात कर लंबे समय तक पेंडिंग रखा, किसानों का कहना है कि जमीन हमारी है, रोजगार भी हमें चाहिए। किसी प्रकार से कोई बहाना नहीं चलेगा , इसके साथ ही धोखे से रोजगार आ जाता है तो साक्षात्कार मेडिकल न्यूट्रिशन को लेकर कई माह लग जाते हैं, जानबूझकर साजिश के साथ पैसे का खेल-खेलने के लिए मेडिकल अनफिट किया जाता है ।

### मौत के पहियों के समीप चल रहीं फुटपाथ की दुकानें

# स्टेशन व ओव्हर ब्रिज के समीप डेंजर जोन सा नजारा







**शहडोल।**

बुढ़ार नगर अंतर्गत स्टेशन व ओव्हर ब्रिज के आसपास संचालित होने वाली सब्जी मण्डी व अन्य दुकाने दिनोदिन आवाजाही का जोखिम बढ़ा रहीं हैं। किसी भी दिन यहां बड़ी दुर्घटना हो सकती है। एक ओर दूकानों का फैलाव, ग्राहकों की भीड़ तथा दूसरी ओर वाहनों की तेज रफ्तार आवाजाही, हैवी ट्रैफिक, इस नजारे को देखते ही यह स्थल डेंजर जोन सा नजर आने लगता है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि एहतियात के लिए नगरीय निकाय व प्रशासन कदम उठाने को तैयार नहीं हैं। नगरीय निकाय तो यह कह कर पल्ला झाड़ लेती है कि यह क्षेत्र रेलवे का है, जबकि प्रशासन भी रेलवे से बात करने में कोताही बरत रहा है। स्थिति चाहे जो भी हो हादसे की आशंका और उसकी गंभीरता को देखते हुए एहतियाती उपाय करने अनिवार्य हैं। इस मामले में कोई भी अपनी जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ सकता है। इसका समाधान तो हॉकर जोन बनाकर भी निकाला जा सकता है।

#### वर्षो पहले हुई थी कार्रवाई

बुढ़ार स्टेशन के समीप संचालित होने वाली फल, सब्जी व अन्य दुकाने रेलवे क्षेत्र में अवश्य हैं, इसीलिए कुछ वर्षों पहले यहां जीआरपी ने कार्रवाई करते हुए यहां से दुकानदारों को बलपूर्वक खदेड़ा था, जिसके कारण काफी समय तक यहां दुकाने संचालित नहीं की गई थीं। लेकिन रेलवे की ढिलाई और उदासीनता के कारण धीरे-धीरे फिर वही स्थिति निर्मित हो गई। हालत यह है कि दुकाने दिनोदिन बढ़ती जा रहीं हैं। ओव्हर ब्रिज की ओर अब तो दुकानों की कतार लगी दिखाई पड़ती है। एक बार फिर कड़ाई से यहां अभियान चलाए जाने की जरूरत है।

#### स्थल डेंजर है और दुर्घटना संभावित है

स्टेशन से ओवर ब्रिज की ओर का मार्ग अत्यंत व्यस्त मार्ग है, साथ ही यहां पर न केवल ढाल है बल्कि मोड़ भी है, किसी भी दिन तेज रफ्तार वाहन बहक कर मण्डी की ओर घुस सकता है। वैसे भी व्यस्ततम मार्गों के आस-पास भीड़ भाड़ और मण्डी आदि का संचालन प्रतिबंधित माना जाता है। यहां सडक़ की फुटपाथ पर सब्जी वाले अपनी सब्जी लगाए बैठे रहते हैं, अन्य व्यापारी भी इसी तरह बिसात फैलाए बैठे रहते हैं, यहां सडक़ संकरी हो जाने के कारण आते जाते वाहनों को पर्याप्त जगह नहीं मिलती है, इस कारण भी यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस मामले में क्षेत्राधिकार का अड़ंगा लगा कर चुप्पी साध लेना ठीक नहीं है। अगर यहां से अतिक्रमण हटाया जाता है तो, इसमें रेलवे को भी कोई एतराज नहीं होना चाहिए।

#### पुनर्वास और आश्रय की व्यवस्था नहीं

मुद्दा यह है कि फुटपाथ के इन दुकानदारों के लिए रेलवे और नगरीय निकाय के पास कोई यह योजना संभवतः नहीं है कि इनका व्यवस्थापन किया जाए। रेलवे ने बलपूर्वक उस समय इन्हे खदेड़ तो दिया था, लेकिन रोजगार के लिए कोई जगह नहीं दी थी। अगर यह जिम्मेदारी नगरीय निकाय उठाए और एक हॉकर बनाकर इन व्यापारियों को वहां व्यवस्थित कर दे तो, स्टेशन के समीप और ओव्हर ब्रिज की ओर बढ़ती दूकाने स्वयमेव सिमट जाएंगी। किसी खाली जगह पर हॉकर जोन बनाया जा सकता है, बार बार केवल व्यापारियों पर ही कहर टूटता है, मसला एक मानवीय दृष्टिकोण का भी है कि आखिर रोज कमाने-खाने वाले यह निर्धन व्यापारी अपनी जीविका लेकर कहां जाए? हॉकर जोन बनाना अब समय की मांग है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता।

# तेज आंधी से घर पर गिरा पेड़, नहीं हुई जनहानि



**शहडोल।**

रविवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर के समय अचानक तेज आंधी के साथ रिमझिम बारिश शुरू हो गई। इस मौसम परिवर्तन के बाद तापमान में तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, जो 33 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। बारिश के बाद स्थानीय निवासियों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली, लेकिन इस घटना के साथ ही कई क्षेत्रों में नुकसान की भी खबरें आई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन के प्रभाव से पूर्वी मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहेंगे, जिससे सोमवार को भी तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम के इस उतार-चढ़ाव से शहडोल के निवासियों में राहत के साथ-साथ चिंता भी देखी जा रही है।

#### कई पुराने पेड़ धराशायी

तेज आंधी के कारण कई पुराने पेड़ घरों पर गिर गए हैं, जिससे व्यापक नुकसान हुआ है। कमिश्नर बंगाल के सामने स्थित दो शासकीय आवासों में भारी भरकम पेड़ गिर जाने से काफी क्षति हुई है। रविवार की दोपहर जब आंधी चल रही थी, तब लोग घरों के अंदर सुरक्षित थे, तभी अचानक तेज हवाओं में बड़े पेड़ शासकीय आवास में जा गिरे, जिससे नुकसान हुआ है। ब्यौहारी के भोलाहरी गांव में भी भगवान दास पाठक के घर पर पेड़ गिरने से गंभीर नुकसान हुआ है। इस घटना ने स्थानीय निवासियों को चिंता में डाल दिया है।

#### आम को काफ़ी नुकसान

इस मौसम की मार केवल घरों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि कृषि भी प्रभावित हुई है। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर मृगेंद्र सिंह ने बताया कि इस आंधी और बारिश ने आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया है। आम अभी छोटे और कमजोर हैं, और तेज हवाओं में कई आम जमीन पर गिरकर नष्ट हो रहे हैं। यह किसानों के लिए चिंता का विषय है। रविवार का मौसम न केवल शहडोल के निवासियों के लिए राहत का कारण बना, बल्कि कई लोगों के लिए चिंता और नुकसान का भी सबब बना।

### आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, की जा रही पूछताछ

# महिला की हत्या कर शव खेत में गाड़ा

**उमरिया।**

जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंहपुर के अमरहा हार के खेत मे महिला के गड़े हुए शव मिलने से क्षेत्र में हडक़ंप मच गया, जिसकी सूचना लोगो के द्वारा पुलिस को दी गई, शव की पहचान गुमशुदा मीना बाई सिंह के रुप मे हुई है। खबर है कि मृतक महिला के भाई पुरषोत्तम सिंह निवासी कुरींहा ने 23 अप्रैल को थाना मे आवेदन दिया था, जिसमे उल्लेख किया की मेरी बहन का मोबाइल 22 अप्रैल की रात से बंद है और उसका कहीं पता नहीं चल रहा है, अंदेशा है कि मेरी बहन के ससुराल वालों ने उसके साथ किसी घटना को अंजाम दे दिया है , पुलिस के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी।

#### खेत में गड़ा मिला शव

मृतक महिला के भाई पुरषोत्तम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की मेरी बहन के ससुराल में रहने वाले पड़ोसियों ने 22 अप्रैल को रात 9 बजे मुझे फोन करके बताया की तुम्हारी बहन के घर से उसके चिल्लाने की आवाज आ रही है, जब मैं बहन को देखने उसके ससुराल गया तो, वहां मुझे मेरी बहन नहीं मिली तथा उसका मोबाइल भी बंद आ रहा था, आज उसका शव ग्राम पंचायत सिंहपुर के अमरहा हार के खेत शव जमीन गड़ा मिला है।



#### भाई ने लगाये हत्या के आरोप

मृतक महिला के भाई पुरषोत्तम सिंह निवासी कुरिहा ने महिला के देवर चिंतामणी सिंह गोड़, उसकी पत्नी मधु सिंह गोड़ एवं ससुर राम विशाल सिंह के ऊपर आरोप लगाते हुए बताया कि इन्ही तीनो के द्वारा मेरी बहन की हत्या कर जमीन मे गाड़ दिया गया था। रविवार को बकरी चराने वाले गए और उन्होंने देखा कि एक शव जमीन के नीचे गड़ा है और उसको कुत्ते नोच रहे है, इसकी सूचना बकरी चराने वालों के द्वारा सेमरिहा गांव वालों एवं मृतिका के भाई पुरुषोत्तम को दी गई, मृतक महिला के भाई द्वारा पुलिस को शव मिलने की सूचना दी गई, पुलिस ने शव मिलने की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर तहसीलदार की मौजूदगी में जमीन में गड़े हुए शव को बाहर निकलवाया और मृतक महिला की पहचान मीना बाई सिंह पति स्व नारायण सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी सेमरिहा ग्राम पंचायत सिंह पुर के रुप मे हुई।

#### इनका कहना है

मृतक महिला के शव मिलने के महज कुछ घंटे बाद हत्या में शामिल मृतक महिला का देवर चिंतामणी गोड़, उसकी पत्नी मधु गोड़ एवं ससुर राम विशाल सिंह को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा के तहत मामला पंजीबद्ध कर गहनता से पूछताछ की जा रही है।

**राजेश चंद्र मिश्रा**
**थाना प्रभारी, नौरोजाबाद**

### जेल प्रशासन ने नाखून काटकर मनाई शहादत

# जेलर को मिला अभयदान, जेल प्रहरी निलंबित


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Virat Bhoomi.pdf - 27 Apr 2025 - Page 1

अनूपपुर जिला जेल एक बार फिर कैमरों की जद में

2 हजार में जेलर, तो 200 में बिका जेल प्रहरी

5 हजार में 5 नंबर बैरक और वीवीआईपी ट्रीटमेंट

बंदियों को धमकाकर फोन कॉल पर घर से मंगाते हैं रुपये

**शहडोल।**

जेल के अंदर रिश्वत के मामले को लेकर कार्रवाई तो हुई लेकिन नाखून काट कर शहादत देने जैसी ही। इसमें भी उसी परंपरा का निर्वाह किया गया जिसमें कि बड़ों को बचाने छोटों को कुर्बान कर दिया जाता है। प्रहरी मुकेश सिंह ठाकुर को निलंबित कर सब जेल त्योंथर में अटैच कर दिया गया है। जबकि जेलर व अन्य स्टाफ पाक साफ बना हुआ है। जबकि जेलर की अनुमति से बंदियों के परिजनों को नियम विरुद्ध अंदर तक प्रवेश दिलाया जाता था। संभाग के अनूपपुर जिला जेल का जहां जेल में बंद कैदी से मिलने गई महिला व उसके परिजनो से जेलर के कहने पर 2200 रुपए की मांग करने वाले प्रधान आरक्षक पर जेलर ने गाज गिरा दी ,उस पर निलंबन की कार्यवाही करते हुए खुद का बचाव कर लिया, जबकि अनूपपुर जेलर इंद्रदेव तिवारी कहने पर ही जेल में पदस्थ प्रधान आरक्षक लोगो से पैसों की मांग करता रहा, बिना जेलर के सहमति के प्रधान आरक्षक की भला क्या हिम्मत की कैदियों के परिजनों से पैसा मांग सके, जबकि मोबाइल में कैद वीडियो में साफ तौर पर बार-बार प्रधान आरक्षक यह कहता रहा कि वह यह 2 हजार रुपए जेलर के लिए ले रहा और 2 सौ रुपए खुद के लिए और हुआ भी वही था, जब जेल में बंद कैदी के परिजनों से जेलर के नाम पर प्रधान आरक्षक को पैसा दिया, तब जाकर उन्हें जेल के अंदर कैदी से मुलाकात हो सकी।

#### यह था मामला

बीते दिनों हरिभूमि ने अनूपपुर जिला जेल में बंद कैदी से मिलने आए परिजनों से अवैध वसूली का मामला उजागर किया था, जिला जेल अनूपपुर में पदस्थ प्रधान आरक्षक ने महिला और उसके परिजनों से कैदी से मुलाकात कराने के एवज में 2200 रुपये की मांग की। मोबाइल में कैद वीडियो में साफ तौर पर प्रधान आरक्षक यह कहते नजर आ रहा है कि वह 2000 रुपये जेलर के लिए और 200 रुपये अपने लिए ले रहा है। यह खुलासा होते ही जेल प्रशासन में हडक़ंप मच गया था, पूरा घटनाक्रम न सिर्फ जेल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए थे, बल्कि उच्चाधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में ला देता है।

#### जेलर ने बचाई अपनी कुर्सी

जेलर इंद्रदेव तिवारी ने खुद पर उठते सवालों से बचने के लिए तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। सवाल यह उठता है कि क्या प्रधान आरक्षक की इतनी हिम्मत हो सकती थी कि वह जेलर की जानकारी और सहमति के बिना परिजनों से पैसा मांगता, चर्चा है कि बिना जेलर के सहमति के जेल में इस तरह की अवैध वसूली संभव नहीं थी, लेकिन क्या केवल प्रधान आरक्षक को बलि का बकरा बनाकर जेलर खुद को पाक-साफ साबित कर पाएंगे या इस मामले की निष्पक्ष जांच कराकर पूरे नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जाएगा, यह देखना बाकी है।

#### सुनियोजित वसूली तंत्र सक्रिय

परिजनों ने बताया कि पैसे देने के बाद ही उन्हें कैदी से मिलने की अनुमति मिली। इससे साफ होता है कि जेल के भीतर एक सुनियोजित वसूली तंत्र सक्रिय है, जिसमें उच्च अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है। जिला प्रशासन और उच्चस्तरीय अधिकारियों से अपेक्षा है कि इस प्रकरण में गहन जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि जेल व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

#### इनका कहना है...

कैदियों के परिजनों से रुपए लेने की जानकारी मिली है, जिस पर प्रधान आरक्षक को निलंबित कर दिया गया हैं।

इंद्रदेव तिवारी
जेलर जिला जेल अनूपपुर

# ग्रामीण अंचल के परिवारों का तेंदू का पेड़ है खजाना

### तेंदू के पेड़ से मिलने वाला फल खाया जाता है और पत्ती बीडी बनाने काम आती है

### तेंदूपत्ता के संग्राहकों को सरकार देती है अनेकों लाभ



**शहडोल।** पेड़ एक लाभ अनेक, ग्रामीण अंचल के परिवारों का तेंदू का पेड़ खजाना है। तेंदू के पेड़ से मिलने वाला फल खाया जाता है और पत्ती बीडी बनाने काम आती है। तेंदू पत्ता के संग्राहको को सरकार अनेको लाभ देती है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण अंचल के लोग विशेषकर ऐसे परिवार जो वनांचल में निवास करते है, वन विभाग के माध्यम से तेंदू पत्ती तोड़ाई का इंतजार शुरू कर देते है। ग्रामीण क्षेत्रों, खेतों, जंगलों और गांवों में आपको जगह-जगह लोग एक विशेष प्रकार के पत्ते को इक_I करते नजर आएंगे. भले ही तापमान 38 से 40 डिग्री तक क्यों न पहुंच जाए, ग्रामीण आपको इन पत्तों की तुड़ाई करते मिल जाएंगे। जो इसकी तुड़ाई यह इतनी प्रचंड गर्मी में पूरे परिवार के साथ करते हैं.

**पत्ता नहीं पैसों का पिटारा है-** प्रकृति ने हमें बहुत कुछ ऐसी चीजें दी हैं. जो अद्भुत हैं और हमारे घर को चलाने में मदद भी करती हैं. मतलब उनसे हमारी आमदनी भी होती है. इन्हीं में से एक चीज है तेंदू. इसके बारे में तो हर कोई सुना होगा. जंगली पौधा है, इसका फल औषधीय महत्व का होता है. ताकतवर फल है, जंगली फलों का राजा कहलाता है, लेकिन इसके जो पत्ते हैं, वो ग्रामीण क्षेत्रों में पैसों की बहार लेकर आते हैं. इन पत्तों के बदले में ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की ओर से पैसे मिलते हैं. इसीलिए तेंदूपत्ता के सीजन में गांव के अधिकतर घरों के लोग खेत खलिहान और जंगलों में इस पत्ते की तुड़ाई करते मिल जाते है।

**तेंदूपत्ता तोडऩे वाले हितग्राही सुखलाल कोल ने बताया कि तेंदूपत्ता की तुड़ाई का काम शुरू हो गया है, हम सब इस कार्य में लग जाएंगे, तेंदूपत्ता से उन्हें अच्छी आय हो जाती है। घर के सभी बड़े बुजुर्ग तेंदूपत्ता तोडऩे के लिए जाते हैं और सुखाकर गढढी बनाकर तेंदू पत्ता संग्रहण सामिति को बेचते हैं. जिससे उन्हें अच्छी आमदनी हो जाती है। काम पर जाने की जरूरत भी नहीं पड़ती. सुखलाल बताते हैं कि वो हर साल सीजन में तेंदूपत्ता की तुड़ाई जरूर करते हैं और पिछले कई सालों से कर रहे हैं।** - तेंदूपत्ता तुड़ाई का ग्रामीणों में गजब क्रेज होता है. इसकी तैयारी वो काफी पहले से करने लगते हैं. जब तेंदूपत्ता का सीजन चलता है, उस दौरान ग्रामीण किसी भी तरह के कार्य में नहीं जाते हैं. सुबह से निकल जाएंगे और तेंदूपत्ता का कलेक्शन करेंगे. घर आएंगे तेंदूपत्ता की गड्डी बनाएंगे और फिर उसे शाम को बेचने निकल जाएंगे. कितनी भी गर्मी हो, चाहे तापमान 35 से 40 डिग्री क्यों न हो, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता. ग्रामीण तेंदूपत्ता तोडऩे से पीछे नहीं हटते हैं, क्योंकि इसके फायदे भी बहुत ज्यादा होते हैं. पैसे भी अच्छे खासे मिलते हैं।

तेंदूपत्ता कैसे ग्रामीणों को गजब फायदा दिलाता है. इसे लेकर शहडोल दक्षिण वन मंडल डीएफओ श्रद्धा पेन्द्रे ने बताया कि ग्रामीणों के लिए तेंदूपत्ता आजीविका का एक बहुत बड़ा साधन है. वन विभाग, संघ या फेडरेशन या सहकारिता कहें, उसके माध्यम से इसका संचालन किया जाता है. इस तेंदूपत्ता में बिना लाभ प्राप्त किए, सरकार पूरा का पूरा प्रॉफिट ग्रामीणों को प्रदान कर देती है. चाहे फिर वो बोनस के तरीके से हो, या विकास कार्यों के रूप में हो, या पर्यावरण को सुधारने के तरीके से, या ऐसे जंगल तैयार करना, जिससे भविष्य में ग्रामीणों की अगली पीढ़ी लघु वन उपज को कलेक्ट करके आय के साधन हासिल कर सके।



# सचिव-वेण्डर ने मिलकर शासन को दिया धोखा

## जांच से सामने आ सकता है पंचायत में किया बड़ा गड़बड़झाला

सरकार की ओर से गांव के विकास के वास्ते भेजा गया पैसा बीच में ही हड़प कर लिया जा रहा है। सरकार भ्रष्टाचार को खत्म करने के लाख दावे करती हुई नजर आ रही हो, लेकिन सरकार के ये सरे दावे जनपद जयसिंहनगर में खोखले साबित हो रहे है। अधिकारी-कर्मचारियो की मिली भगत से लाखों का बंदरबांट किया जा रहा है।




**शहडोल**। जिले की जनपद पंचायत जयसिंहनगर की जगड़ा पंचायत में विकास के नाम पर शासन के खजाने में सेंध लगाने का खेल वर्षो से चल रहा है, इस पूरे खेल में सरपंच-सचिव और वेण्डर मिलकर अपना रोल निभा रहे हैं, फर्जी फर्म को भुगतान कर लाखों का वारा-न्यारा किया गया है, लेकिन आज तक न तो जनपद और न ही जिला पंचायत ने कभी इस मामले में संज्ञान लिया, आश्चर्य की बात तो यह है कि हर वर्ष होने वाले ऑडिट में भी यह फर्जीवाड़ा पकड़ में नहीं आया। ग्राम पंचायत जगड़ा में सचिव ने भ्रष्टाचार का हर वह रास्ता अपना रखा है, जहां से जुगाड़ बन सकता है, कुल मिलाकर खुद की जेब भरने के लिए वेण्डर के कंधे का सहारा लेकर भ्रष्टाचार की पटकथा लिखी जा रही है।

### यह है मामला

ग्राम पंचायत जगड़ा में उमेश कुमार गुप्ता की फर्म उमेश ट्रेडर्स निर्माण सामग्री सप्लाई देती है और उक्त फर्म के बिलों का भुगतान उमेश ट्रेडर्स नामक वेण्डर के खाते में किया जाता है, जिसका सीधा भुगतान उमेश कुमार गुप्ता के खाते में होता है, वहीं दूसरी ओर पंचायत में एक अन्य वेण्डर बडकबिया सिंह के नाम पर बनाया गया है, जो सरपंच की रिश्तेदार बताई जाती है और उक्त वेण्डर द्वारा भी उमेश ट्रेडर्स के बिल लगाये जाते है, जिसका भुगतान बडकबिया सिंह के खाते में होता है।

### की जा रही धोखाधड़ी

उमेश कुमार गुप्ता द्वारा शासन से टैक्स चोरी करने की नीयत से बीते वर्षो में लाखों रूपये का भुगतान खुद के बिल लगाकर बडकबिया सिंह के खाते में कराया है, जिससे वाणिज्य कर विभाग तक यह जानकारी ही न पहुंच सके कि आखिर उक्त फर्म ने कितने की सामग्री बेची, हालाकि अगर वाणिज्य कर विभाग बडकबिया सिंह एवं उमेश ट्रेडर्स की खरीदी-बिक्री के साथ ही बिलों की जांच करे तो, धोखाधड़ी का खुलासा हो सकता है।

### सचिव बना सूत्रधार

उमेश ट्रेडर्स के जरिए खुद को लाभ पहुंचाने में सचिव ने अहम भूमिका अदा की है, सबकुछ जानने के बावजूद उमेश ट्रेडर्स का भुगतान बडकबिया सिंह के खाते में बेधडक़ किया गया है, जो पूर्णतः गलत है, लेकिन आज तक जनपद से लेकर जिला और ऑडिट टीम ने इस पर सवाल नहीं खड़े किये, जानकारों की माने तो अगर जिला स्तरीय दल से ग्राम पंचायतों में लगे बिलो की जांच कराई जाये तो, पूरा फर्जीवाड़ा बाहर आ सकता है और सचिव के खिलाफ गफलत करने के मामले में एफआईआर तक दर्ज की जा सकती है।

# युवा टीम ने जिला पंचायत सीईओ को भेंट किया सकोरा



**उमरिया**। गर्मी आते ही हमारे साथ ही पशु पक्षियों को भी पानी की आवश्यकता अधिक होने लगती है। हम तो पानी एकत्रित करके रख लेते हैं लेकिन पशु पक्षियों को पानी की तलाश करना पड़ता है। पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य युवा टीम उमरिया के द्वारा उमरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह को जिला पंचायत कार्यालय में सकोरा भेंट कर अभियान की दी जानकारी।

मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ने कहा कि जीव जंतुओं की सेवा करना अनुठा व मन को सुकून पहुंचाने वाला कार्य है। उन्होंने कहा कि अगर छोटा सा प्रयास कर अपने घर के आस-पास पेड़ों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हैं तो हर साल प्यास से मरने वाले पशु पक्षियों की संख्या में कमी आ जाएगी। लोगों का छोटा सा प्रयास घरों के आसपास उडऩे वाले परिंदों की प्यास बुझा कर उनकी जिंदगी बचा सकता है। सुबह आंखें खोलने के साथ ही घरों के आसपास गौरैया मैना अन्य पक्षियों की चाहत सभी के मन को मोह लेती है। इसी उद्देश्य के साथ युवा पक्षी मित्र अभियान शुरू किया है। जिस से जुडक़र आप इस नेक काम में अपना योगदान दे सकते हैं।

हिमांशु तिवारी ने बताया कि घर की बेकार सामग्री से बनाए पक्षियों का घरोंदा कोई भी व्यक्ति इस अभियान का हिस्सा बन सकता है उसे केवल इतना करना है कि अपने घर पड़ी अनुपयोगी व नकारा सामग्री को पक्षियों के घरौंदा का रूप दिया जाए। इस नेक कार्य में पक्षी मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, शिखा बर्मन, वैष्णवी बर्मन एवं सभी उपस्थित रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण



**उमरिया**। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने मानपुर विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों मे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सेहरा में खेत तालाब का ले आउट तैयार कराया तथा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए। उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी भवन का निर्माण निर्धारित समय सीमा में पूरा कराया जाए । निरीक्षण के दौरान खंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।

# लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों में किया गया बोरी बंधान




**उमरिया**। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अपनी मिट्टी अपनी जल नवाचार अंतर्गत लोक निर्माण विभाग व्दारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में बोरी बंधान के कार्यक्रम आयोजित किए गए , जिसमें विभागीय कर्मचारियों सहित ग्रामीण जनों ने हिस्सा लिया। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जी आर गायकवाड़ ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत सेमरिया के किरनताल नाला, ग्राम पंचायत रथेली के बिछली नाला, ग्राम पंचायत सेमरिया के डिंगरहा नाला, अमहा नाला, ग्राम पंचायत भौतरा के अहीरबुढा नाला, ग्राम पंचायत कठई के अमतराई नाला, ग्राम पंचायत बेली के राजबहरा नाला, ग्राम पंचायत जमुहाई के सिहरा नाला में बोरी बंधान का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा ग्रामीणों को जल का संवर्धन करनें का संदेश दिया गया।

# दुधरिया धाम नदी में किया गया श्रमदान




**उमरिया**। मानपुर विकासखण्ड के इंदवार सेक्टर के दुधरिया धाम नदी में ग्राम पंचायत पनपथा, जन अभियान परिषद के द्वारा श्रमदान कार्य किया गया । नदी के किनारे साफ सफाई कर गंदगी को हटाया गया। श्रमदान पश्चात जल है तो कल है विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई । संगोष्ठी के माध्यम से जल को कैसे स्वच्छ रखें, जल का संरक्षण कैसे हो इस विषय को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई जिसमे सप्ताह में तीन दिवस जल स्त्रोत की साफ सफाई, दुधरिया धाम नदी घाट को पूर्ण स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पनपथा के सरपंच मूलचंद जायसवाल, सचिव शुभदेश श्रीवास्तव, रोजगार सहायक मान सिंह,नवांकुर संस्था के अध्यक्ष कृष्णा चतुर्वेदी, परामर्शदाता माधुरी त्रिपाठी, चंद्रशेखर जैसवाल सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुंदर दादर के आमा घाट में 180 बोरियों का बोरी बंधान किया गया



**उमरिया**। प्रदेश शासन के आव्हान पर जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ साथ उमरिया जिले में भी अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग के माध्यम से बोरी बंधान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है । बोरी बंधान जल संवर्धन के लिए एक अच्छा प्रयास है । अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम बोरी बंधान हो जाने पर वाटर लेबल बढ़ेगा इसके साथ ही पेयजल संकट से भी मुक्ति मिलेगी । पानी को सहेजना हम सबकी जिम्मेदारी है। पेयजल का उपयोग पशु , पक्षी के साथ ही ग्रामीण जन निस्तार में उपयोग कर सकेगे ।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं ग्राम जनपद पंचायत पाली ग्राम पंचायत सुंदरदादर में अपनी मिट्टी अपना जल को संरक्षित करने हेतु जन सहयोग के माध्यम से सुंदरदादर के आमा घाट मे 180 बोरियो का बोरी बंधान किया गया। इस अवसर पर रविन्द्र शुक्ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम, सीईओ कन्हाई कुवर , टीवी सिंह एआई जनपद पंचायत पाली, सुमित उपयंत्री जनपद पंचायत पाली, रश्मि उपयंत्री जनपद पंचायत पाली, अनीता सिंह सरपंच सुंदरदादर, सरमन सचिव सुंदरदादर, गणेश प्रसाद द्विवेदी रोजगार सहायक, अंजनी चनपुरिया पीसीओ जनपद पंचायत पाली, नवांकुर संस्था नगर विकास प्रस्फुटन समिति पाली सेक्टर क्रमक 2 के मार्ग दर्शन पर बोरी बंधान का कार्य किया गया जिसमे नगर विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था से अजय चौधरी, मेंटर्स संजय कुमार साहू,उषा प्रजापति, ग्रामीण जन उपाथित रहे ।

# पीएम जन औषधि केंद्र से कम दामों में औषधि करें क्रयः सिविल सर्जन

**उमरिया**। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. के.सी.सोनी ने बताया कि एक ओर शासकीय दवाईयां तो निशुल्क मरीजों को प्राप्त हो रही है वहीं दूसरी ओर मरीजों को उच्च क्वालिटी की दवा कम दामों में उपलब्ध करानें के लिए जिला अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधिक केंद्र खोला गया है जहां पर कम दामों में दवाईयां उपलब्ध है । उन्होंने मरीजों तथा आम जन मानस से अपील की है की प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पहुंचकर कम दामों में दवाईयों का क्रय कर सकते है ।

# जमुना कालरी सामुदायिक भवन में नेशनल कराटे चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

## प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

**जमुना/बदरा**। एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के जमुना कॉलरी सामुदायिक भवन में 27 अप्रैल को नेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 का आयोजन कराटे संगठन के सियान भोला प्रसाद मिंज के द्वारा किया गया। इस नेशनल प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से बच्चों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कराटे प्रतियोगिता में शामिल हुए छोटे से लेकर बड़े बच्चों ने आत्मरक्षा करने की कला का जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए अपने बेल्ट का कलर बदलने में सफलता हासिल की। कार्यक्रम के आयोजक भोला प्रसाद मिंज ने कहा कि हमारा प्रयास है की हर बच्चा आत्म रक्षा की कला से निपुण हो जिससे कि वह अपनी रक्षा करने के साथ ही समाज की भी रक्षा कर सके।



नेशनल कराटे चैंपियनशिप के समापन के अवसर पर भाजपा मंडल पसान अध्यक्ष अजय द्विवेदी जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह पार्षद सूर्य प्रकाश लोधी युवा मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष सचिन जायसवाल एवं महीप द्विवेदी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षकों की उपस्थिति में प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल प्रमाण पत्र एवं उन्हें बेल्ट पहनकर उनका स्वागत किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# रामनगर पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग की दस्तयाबी कर किया परिजनों के सुपुर्द



**रामनगर**। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 25.04.25 से 28.04.25 तक जिले में चार दिवसीय बालिग एवं नाबालिग गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत थाना रामनगर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। फरियादी सम्यलाल पनिका निवासी ग्राम निमहा ने 13.04.25 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका नाबालिग पुत्र (उम्र 17 वर्ष 2 माह) घर से निकला और वापस नहीं लौटा। रिपोर्ट दर्ज कर अपराध क्रमांक 82/25 धारा 137 (2) बीएनएस कायम कर थाना रामनगर पुलिस द्वारा तत्काल खोजबीन प्रारंभ की गई। लगातार प्रयासों, सुरागरसी, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी सहायता के माध्यम से 26.04.25 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालक को दस्तयाब कर लिया गया। दस्तयाब किए गए बालक से पूछताछ उपरांत उसे सुरक्षित अवस्था में परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

# वरिष्ठ नागरिक पेंशनर संगठन कोर ग्रुप एवं मार्गदर्शन मंडल की प्रांतीय बैठक प्रारंभ



**अमरकंटक**। मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के पुराने नगर परिषद विशाल सभा हॉल में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के कोर ग्रुप एवं मार्गदर्शक मंडल की दो दिनी प्रांतीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार दुबे की अध्यक्षता एवं पुष्पराजगढ़ के क्षेत्रीय विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के मुख्य अतिथि तथा नगर परिषद की अध्यक्षा श्रीमती पार्वती सिंह उईके तथा पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पांडे के विशिष्ट अतिथि में प्रारंभ हुई। प्रांतीय बैठक दो दिनों 26 एवं 27 अप्रैल तक चलेगी। पेंशनर एसोसिएशन के मार्गदर्शन मंडल एवं कोर ग्रुप की प्रांतीय बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श गहन मंथन कर निर्णय लिया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन कोर ग्रुप एवं मार्गदर्शक मंडल की प्रांतीय बैठक के आयोजन का उद्घाटन विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने किया इसके पूर्व सभी का शाल श्रीफल पुष्प हार से स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत भाषण प्रांत अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने दिया तथा रामनरेश तिवारी कार्यक्रम का विस्तार से जानकारी दी। प्रांतीय बैठक के मुख्य अतिथि फुंदेलाल सिंह मार्को ने संबोधित करते हुए कहा कि वे स्वतः भी शिक्षक रह चुके हैं वह पेंशनरों की समस्याओं को जानते हैं वह हर संभव सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। जब तक आप पद में रहते हैं तब तक इस विभाग के लोग आपको सम्मान देते हैं महत्व देते हैं सुनते हैं लेकिन सेवा निवृत होते ही आंख फेरने लगते हैं। होने वाला काम भी नहीं करते घुमाने लगते हैं यह सब ठीक नहीं है आखिर सेवानिवृत्ति तो सबको होना है। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी भी शिक्षिका है आप मुझे कभी भी कहीं भी संपर्क कर सकते। प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार दुबे ने कहा कि हमारी कई मांगे हैं सरकार उनकी अनसुनी कर देती है इसके कारण माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी इसके बाद भी सरकार सचेत नहीं हुई उन्होंने संगठन के पंजीयन की परेशानी का भी उल्लेख किया हमारा यह संघर्ष जारी रहेगा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन कोर ग्रुप एवं मार्गदर्शक मंडल के द्वारा आज मुख्य अतिथि से पेंशनर संवाद न्यूज़ बुलेटिन पत्रिका का विमोचन कराया गया। कार्यक्रम के समन्वयक एवं पेंशनर संवाद के संपादक दो परमानंद तिवारी ने इस संबंध में आवश्यक जानकारी दी तथा डॉ निलेश गौतम शशि सुहाने एवं सतना तिवारी डी एस राव आदि प्रमुख रूप से अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा पार्षद विमला दुबे उषा सिंह देवेंद्र जैन श्यामलाल सेन वीरू तंबोली पत्रकार धनंजय तिवारी एवं पत्रकार श्रवण उपाध्याय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पेंशनरों का क्षेत्रीय विधायक मार्को ने नर्मदा पुराण पुस्तक भेंट किया।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोतमा**। थाना अन्तर्गत बरगवां गांव निवासी 30 वर्षीय युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार की सुबह छः बजे बरगवां गांव निवासी राजकुमार पिता स्वर्गीय लेखन भारिया अपने घर से बिना बताये निकला था जो काफी देर तक वापस नहीं लौटा तब परिजन उसकी तलाश करने लगे। शाम को ग्रामीणों के द्वारा परिजनों को जानकारी दी गई कि राजकुमार देवगवां गांव मे आम के पेड़ में लोवर पेट से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका पंचनामा तैयार कर शव को पीएम उपरांत परिजनों को सौंपते हुए मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में सिख समाज ने बैसाखी पर्व मनाया

**अमरकंटक**। पवित्र नगरी अमरकंटक में दूरस्थ अंचलों से आए सिख समाज के लोगों ने बैसाखी का पर्व पूरे हर्ष उल्लास के साथ परंपरागत ढंग से मनाया। इस अवसर पर स्थानीय गुरु नानक गुरुद्वारा में कई कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके पूर्व सिख समाज के महिलाओं पुरुषों युवकों युवतियों बैसाखी पर्व के पावन अवसर पर अमावस्या के पूर्व संध्या काल में गुरु नानक गुरुद्वारा से सायं काल विशाल जनसमूह की उपस्थिति में जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से भजन संकीर्तन नाचते गाते हर्ष ध्वनि के साथ आतिशबाजी पडाके फोड़ते हुए हर्षोल्लास के साथ गाते बजाते हुए चलते रहे विशाल संकीर्तन यात्रा के साथ आगे आगे पंज प्यारे चलते रहे तथा युवा उत्साही जनों ने इस दौरान कई करतब भी किया जिसे लोगों ने सराहा। इस दौरान कई जगह संकीर्तन यात्रा के लोगों का जलपान मार्ग में कराया। संकीर्तन समापन यात्रा के बाद स्थानीय गुरु नानक गुरुद्वारा में अखंड शब्द कीर्तन गुरबाणी का पाठ किया गया बैसाखी अमावस्या के दिवस हजारों लोगों को गुरुद्वारा परिसर में लंगर प्रसाद बैठा कर कराया गया इसके पूर्व आने जाने वाले लोगों को मीठा शरबत एवं मिष्ठान वितरित किया गया गुरु नानक गुरुद्वारा में 2 दिन चले बैसाखी पर्व के पावन उपलक्ष्य पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए सिख समाज के लोगों ने सेवा भाव के साथ आयोजन में हिस्सा लिया बैसाखी पर्व के आयोजन में पेंड्रा रोड पेंड्रा मनेद्रगढ़ चिरमिरी बिलासपुर रायपुर अनूपपुर बुढ़ार शहडोल के सिख समाज के उत्साही जान भारी संख्या में शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### जहरखुरानी से युवक की मौत

**कोतमा।** कोतमा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 में रहने वाले रूपेश जायसवाल 29 वर्ष पिता विजय जायसवाल के द्वारा गुरुवार को किसी तेज जहरीला पदार्थ के खा लेने से मौत होने का मामला सामने आया है। अचानक युवक की मौत की खबर से वार्ड में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि घर में रहने के दौरान किसी जहरीले पदार्थ के सेवन कर लेने से हालत बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा आनंन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर डॉक्टर के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मौत का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। घटना के सोचने पर पुलिस ने शव परीक्षण उपरांत पीएम हेतु भेजा गया। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### पहलगाम में हुई आतंकी घटना अत्यन्त निंदनीय

**जमुना/बदरा।** अनूपपुर ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन AIYF के राज्य संयोजक विनय दुबे और राज्य सह संयोजक यीशु प्रकाश ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि AIYF जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी शब्दों ने निंदा करता है और हमले में शहीद हुए 26 मृतकों एवं उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। ज्ञात को कि यह आतंकी हमला 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर में सबसे बड़ा आतंकी हमला है। पुलवामा हमले में सेना के 40 जवान शहीद हुए थे। इस तरह के आतंकी हमले निंदनीय है और AIYF का मानना है कि आतंकवाद का कोई चेहरा नहीं होता और आतंकी धर्म का सहारा लेकर भारत की एकता और अखंडता को खंडित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं और भारत में साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का घिनौना प्रयास कर रहे हैं जिसकी AIYF भर्त्सना करता है और सरकार से यह मांग करता है कि इस आतंकी हमले की उच्च स्तरीय जांच की जाकर उक्त आतंकियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, और इस हमले में शहीद हुए परिवारों को उचित सहायता दी जावे।

### ज़मुना कालोनी मे पानी के संकट का हुआ समाधान

**जमुना/बदरा।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र में संचालित कोयला मजदूर सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला और संघ के अथक प्रयास से सप्ताह भर से बंद पडा ज़मुना 1/2 खान का पंप चालू हो गया है। क्षेत्र के महाप्रबंधक संचालन अजय कुमार एवं उनके टीम के द्वारा सारहनीय प्रयास से आज से पानी आपूर्ति संभव हुआ।

### बिजुरी पुलिस ने 5 गुमशुदा को किया दस्तयाब

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 25.04.25 से 28.04.25 तक जिले में चार दिवसीय बालिग एवं नाबालिग गुमशुदा व्यक्तियों की दस्तयाबी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत थाना बिजुरी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। लगातार प्रयासों, सुरागरसी, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी सहायता के माध्यम से 26.04.25 को थाना बिजुरी पुलिस टीम द्वारा 05 गुम सुदा बालक बालिका विष्णु प्रजापति पिता सलाही प्रजापति निवासी केबिन दफाई बिजुरी, सुमित्रा पनिका पिता रामधनी पनिका उम्र 19 वर्ष निवासी माईनस कालोनी बिजुरी को असरापुर जिला समली (उ.प्र ) से, उमा विश्वकर्मा निवासी डोंगरिया खुर्द को गोहपारु जिला शहडोल से, गुमसुदा पप्पी केवट पिता शीतल प्रसाद केवट निवासी डोंगरिया को पौडी थाना भालुमाडा जिला अनूपपुर से, संगीता कोल पति कोमल कोल निवासी पचखुरा थाना कोतमा हाल बिजुरी को धामनोद तह. धरमपुरी जिला धार से दस्तयाब किए गए बालक बालिकाओं से पूछताछ उपरांत उसे सुरक्षित अवस्था में परिजनों के सुपुर्द किया गया है। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।

# झिरिया नाले में किया गया बोरी बंधान

**जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 25 अप्रैल 2025 को विकासखंड ब्यौहारी जिला शहडोल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत चरका में झिरिया नाले में बोरी बंधान किया गया**

ब्यौहारी



जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह,,ग्राम पंचायत चरका के सरपंच बनवारी लाल सिंह, उप सरपंच सुनील द्विवेदी, उप सरपंच भोलहरा अंकित चतुर्वेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी ,विजय सिंह, श्रीकांत तिवारी प्रमोद जायसवाल, विकास द्विवेदी, जनपद पंचायत के सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी जनों के साथ जन अभियान परिषद के मेंटर्स हीरालाल साहू, सचिव प्रमोद कुमार साहू, ग्राम पंचायत के सहायक सचिव राजभान बैस नवांकुर. संस्था से मां चंडिका जन विकास समिति से विजय पाल , एवं सभी उपस्थित ग्रामीण जनों के साथ मिलकर आदि लोगों ने नाले में बोरी बंधान कर श्रमदान किया।

## बरतराई भूमिगत खदान में विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस आयोजित

राजनगर।

रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के जमुना कोतमा क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, एवं अजय कुमार महाप्रबंधक ( संचालन ) एवं विनम्र जैन क्षेत्रीय खान सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर, तथा धर्मेंद्र कुमार रघुवंशी उप क्षेत्रीय प्रबंधक आमाडांड उपक्षेत्र,एवं सनातन त्रिपाठी खान प्रबंधक बरतराई भूमिगत खदान के मार्गदर्शन पर, एम.एम. शर्मा खान सुरक्षा अधिकारी बरतराई भूमिगत खदान के नेतृत्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बरतराई भूमिगत खदान में दिनांक 28/04/2025 को विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है। जिसका उदेश्य उद्योग मे कार्य से संबंधित खतरों एवं बीमारियों को कम करना एवं बचाव करना है, इस उपलक्ष्य मे सुरक्षा-स्लोगन, सुरक्षा-पोस्टर, सुरक्षित-रखरखाव, सुरक्षा-प्रदर्शन एवं सुरक्षा-सुझाव के विषय मे प्रतियोगिता के लिए आप सभी कर्मचारियों (विभागीय एवं ठेकेदारी) की सहभागिता एवं प्रस्तुति 27/04/2025 तक खान सुरक्षा अधिकारी कार्यालय अथवा खान प्रबंधक कार्यालय मे प्रस्तुत कर सकते हैं। 28/04/2025 को प्रातः 8 बजे सुरक्षा ध्वजारोहण के पश्चात सुरक्षा शपथ, स्वयं सुरक्षा उपकरणों, बचाव उपकरणों एवं अग्निशमन संबंधी प्रदर्शन एवं पुरुस्कार वितरण किया जाएगा, जिसमे बरतराई भूमिगत खदान के सभी माईनिंग स्टाफ एवं श्रमवीरों की सहभागिता अपेक्षित है।

### हल्का पटवारी पर भू-माफियाओं से सांठगांठ का आरोप

## शिकायतकर्ता ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

उमरिया



उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली के वार्ड नं 1 सुखा तहसील पाली निवासी ओमनारायण यादव ने जिला कलेक्टर को एक शिकायत पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने हल्का पटवारी राजेश प्रजापति पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, पटवारी ने एनएच-43 के पास स्थित ओमनारायण यादव की भूमि को भू-माफियाओं से मिलकर बिना वैध बंटवारे और बिना अनुमति के विक्रय करने में मदद की है।शिकायतकर्ता ओमनारायण यादव ने अपने पत्र में बताया कि उनकी आराजी क्रमांक 292/2/1/1/15, ग्राम सुखा में स्थित है, जिसका बंटवारा प्रकरण न्यायालय तहसीलदार पाली में विचाराधीन है। बावजूद इसके, हल्का पटवारी ने भू-माफियाओं के साथ साठगांठ कर उनके कब्जे वाली भूमि का बिना अनुमति के बटवारा करवा दिया और विक्रय की सलाह देकर भू-माफियाओं को लाभ पहुँचाया। इसके बाद खसरे में संशोधन कर नामांतरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, जिससे शिकायतकर्ता को अपनी भूमि से वंचित होने का भय बना हुआ है।ओमनारायण यादव ने बताया कि उक्त भूमि पर वे वर्षों से कब्जाधारी हैं, जहाँ उन्होंने मकान, बाड़ी और ट्यूबवेल भी बना रखे हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि बंटवारे का मामला न्यायालय में लंबित होने के बावजूद बिना किसी न्यायिक आदेश के भूमि का विक्रय कर दिया गया है, जो विधि के विरुद्ध है।शिकायतकर्ता ने मांग की है कि हल्का पटवारी राजेश प्रजापति और भू-माफियाओं के खिलाफ तत्काल जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा किसी अन्य निष्पक्ष पटवारी से मामले की जांच कराकर उन्हें न्याय दिलाया जाए। साथ ही नामांतरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की गई है ताकि भूमि के नुकसान से बचा जा सके।हल्का पटवारी का पक्षइस संबंध में जब हल्का पटवारी राजेश प्रजापति से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि ₹ओमनारायण यादव चार भाई हैं, जिनकी जमीन नेशनल हाईवे के किनारे स्थित है। वह चाहते थे कि पूरी जमीन का सामना उन्हें अकेले मिल जाए, लेकिन मैंने कानून और नियमों के अनुसार सभी भाइयों के हिस्से का सही बंटवारा कर दिया है। इसी कारण वह नाराज होकर निराधार शिकायत कर रहे हैं। यदि उन्हें बंटवारे में किसी प्रकार की आपत्ति है तो वे नियमानुसार अपील कर सकते हैं।

## हर एक तक पहुंच रहा लोक अदालतों का सुखद परिणाम

बिरसिंहपुर पाली



व्यवहार न्यायालय बिरसिंहपुर पाली में लोक अदालत के सफल आयोजन किये जाने के लिए व्यवहार न्यायालय परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्रीमान विवेक गुप्ता जी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमान मोहन डाबर जी, व्यवहार न्यायालय न्यायधीश वरिष्ठ खंड श्रीमती पूजा गोले जी, व्यवहार न्यायालय न्यायधीश कनिष्ठ खंड श्री मान गोपाल नंदन पाल जी के साथ तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अधिवक्ता संघ के आत्मा राम अवधिया जी मंचासीन थे । इसके साथ व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं, पक्षकारों और पत्रकारों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई ।। कार्यक्रम के शुभारंभ में माननीय अतिथियों का अभिनंदन पुष्पहारों से किया गया , तत्पश्चात स्वागत भाषण सरयू प्रसाद खंडेलवाल जी ने माननीय अतिथियों का मधुर वाणी से वंदन करते हुए कहा कि व्यवहार न्यायालय बिरसिंहपुर पाली ने लोक अदालतों के सफलता अर्जित करने का अपना पहला स्थान हासिल किया है , आगे भी बिरसिंहपुर पाली अपना स्थान कायम रखेगा इसके साथ ही आपने व्यवहार न्यायालय भवन के नव निर्माण की मांग करते हुए व्यवहारिक कठिनाइयों पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम में अगले कड़ी में तहसील अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोक अदालत में पाली का योगदान सराहनीय रहा है,जिसे आगे बढ़ाने का काम पाली सदैव मिलता रहेगा ।व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खंड की न्यायधीश पूजा गोले ने भी लोक अदालत की महत्ता पर प्रकाश डाला, इसके बाद कनिष्ठ खंड व्यवहार न्यायालय पाली के गोपाल नंदन पाल जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए ।बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहन डाबर जी ने भी लोक अदालतों के सुखद परिणाम पर विस्तार से अपनी बात रखी ।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक गुप्ता जी ने अपने सारगर्भित बात रखते हुए कहा कि लोक अदालतों का सुखद परिणाम से हर एक को लाभकारी परिणाम मिल रहे हैं । लोक अदालतों से पक्षकार, अधिवक्ताओं पक्षकारों और न्यायालय सभी को बेहतर परिणाम मिल रहे हैं । पक्षकारों को सरल,सुलभ न्याय मिलने के साथ ही लोक अदालत की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें दोनों पक्षों को संतुष्टि प्राप्त होती है । अधिवक्ताओं के लिए भी बेहद लाभकारी है क्योंकि इससे समाज में अधिवक्ता की छबि उजली दिखाई देती है कि आप ने कम समय में सहज,सुलभ, न्याय दिलाने में सहायक साबित हो रहे हैं , और लोक अदालतों में प्रकरणों का निराकरण अधिकाधिक संख्या में एक साथ सुलझने से न्यायालयो में प्रकरणों की संख्या कम होती है । इससे लोक अदालतों के सुखद परिणाम परिलक्षित हो रहें हैं ।कार्यक्रम का कुशल संचालन तहसील अधिवक्ता संघ के सचिव विद्वान अधिवक्ता सुशांत सक्सेना जी ने अत्यंत सरल,सहज, और सुगम तरीके से करते हुए अपने उदबोधन में न्याय पक्ष और न्यायालय भवन की मांग को बेहतर तरीके से रखते हुए बेहतर संचालन किया गया ।

### बढ़ते हादसों के बाद भी नहीं कसी जा रही चालकों की नकेल

## ज्यादा कमाई के लालच में ओवरलोड सवारियां भरकर हादसे को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले के ग्रामीण अंचलों में आटो ओवरलोड सवारियां भर कर फर्राटे के साथ चल रहे हैं। अपने लाभ के लिये वाहन चालक यात्रियों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कई चालकों द्वारा तो रजिस्ट्रेशन व परमिट के बगैर ही ओवरलोड सवारियां भरकर वाहन दौड़ा रहे हैं। कई बार तो नाबालिगों को भी आटो रिक्शा चलाते देखा जा सकता है। अक्सर हादसों के बाद ही जिम्मेदारों का आंखें खुलती है।

### जोखिम का सफर

ग्रामीण क्षेत्र में साधनों की कमी के चलते लोग मजबूरी में ऑटो, लोडर में सफर जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है शहर से लेकर गांव तक बेपरवाही का आलम जारी है, लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यदा-कदा चालानी कार्रवाई का कोरम तो पूरा कर लिया जा रहा है, लेकिन हादसों पर लगाम लगाने कोई पहल नहीं हो रही। सड़क हादसों को रोकने के लिए सिर्फ सड़क सुरक्षा सप्ताह सहित बैठकों में मंथन की औपचारिकता तक सीमित रहता है।

### ओवरलोडिंग से कई बार हो चुकीं हैं दुर्घटना

जिले में ओवरलोड आटो व लोडर वाहन कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं जिनमें लोगों की जान तक चली गई है बावजूद इसके ओवरलोड वाहन सरपट दौड़ रहे हैं जिसके चलते हादसे हो रहे हैं और सड़कें खूनी बनती जा रही हैं।

### हादसा होने के बाद ही जागते है जिम्मेदार

शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में सवारी व लोडर वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं। कई बार तो वाहन चालक नशे की हालत में फर्राटा भरते हैं। साधनविहीन मार्गों में आटो व लोडर वाहन चालक मौके पर फायदा उठाकर ओवरलोड सवारियां बैठाते हैं। इस दौरान सवारियों को जहां दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हर समय दुर्घटना होने का भी डर बना हुआ है। इसके लिए जिम्मेदार कार्यवाई करने की बजाय मौन साधे हुए हैं।

## पहलगाम हमले को लेकर अभिभाषक संघ ने पारित किया निंदा प्रस्ताव

कोतमा।



अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय कोतमा में अभिभाषक संघ कोतमा द्वारा 22 अप्रैल को पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शिकार हुए निर्दोष हिंदू पर्यटकों को आतंकवादियों द्वारा धोखे से निशाना बनाकर निर्मम हत्या की जाने की कड़ी निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया गया एवं घटना की तीखी भर्तसना की गयी। निश्चित ही 140 करोड़ देशवासियों के लिए यह दुःख की घड़ी है ऐसे निर्दोष पर्यटकों को सभी अधिवक्ताओं द्वारा मोमबत्ती जलाकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई व दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से निर्दोष पर्यटकों को अपने चरणों में स्थान देने की कामना की गयी और साथ ही उन सभी परिवारों को इस दुखद घटना को सहने की साहस और क्षमता प्रदान करने की अपेक्षा की गयी ।

### 30 अप्रैल तक पात्र परिवारों के ई-केवायसी पूर्ण कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत सम्मिलित जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकानों के पात्र परिवारों के 30 अप्रैल, 2025 तक शतप्रतिशत हितग्राहियों के ई-केवायसी पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराई गई है।

### सिंलोंडी में जल संरक्षण का संदेश देने निकली संकल्प यात्रा

## अलोनी नदी में बोरी-बंधान के साथ की गई नदी की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर संपूर्ण जिले में जीर्ण-शीर्ण पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए साफ-सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। जिले की नवांकुर संस्थाएं एवं प्रस्फुटन समितियां भी जल गंगा अभियान को सफल बनाने का कार्य तेजी से कर रही है।

अभियान के तहत शनिवार को सेक्टर बिलहरी क्रमांक 04 के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरयारपुर सह कायनात जन सहयोग सेवा समिति बरियारपुर विकासखंड रीठी के मगरधा से हथकुरी के बीच अलौनी नदी पर संस्था के सदस्यों द्वारा एवं स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं द्वारा श्रमदान के माध्यम से बोरी-बंधान कार्य एवं नदी में साफ-सफाई का कार्य किया गया एवं नदी की साफ-सफाई कर आम जनो को प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगो को जल संरक्षित करने एवं अपने अपने मोहल्ला एवं रिश्तेदारों एवं आम जनों को जल रोकने जल के अपव्यय रोकने, जल संरक्षण की श्पथ दिलाई गई।

### जल संरक्षण हेतु किया प्रेरित

विकासखंड ढीमरखेड़ा में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम के लोगों को जल संरक्षण का संदेश देने हेतु परामर्शदाता, नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समिति एवं विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्ग दर्शन एवं छात्रों के सहयोग से जल संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

यह संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत सिंलोंडी के आंगनवाड़ी केंद्र के पास छोटी मढिया से प्रारंभ की गई। यात्रा में ग्राम के शिक्षक गण छात्राएं एवं सीएमसीएलडीपी छात्र व ग्रामीणों की उपस्थिति रही। यह यात्रा सिलोड़ी गांव में भ्रमण करते हुए। ग्राम नेगई में पहुंची जहां पर ग्राम पंचायत भवन में जल संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल बचाने हेतु प्रेरित किया गया नेगई के पश्चात ग्राम पाली में मंदिर मढ़िया स्थल से जल संकल्प यात्रा का भ्रमण पूरे गांव में करते हुए ग्राम की नदी में सेक्टर स्तरीय जल संकल्प यात्रा का समापन दीपदान कर किया गया। इस दौरान गांव की महिलाओं एवं ग्रामीण लोगों के द्वारा गांव में जल संरक्षण के नारे लगाते हुए लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया ।

इस कार्यक्रम में ग्राम सिलोड़ी ,नेगई ,पाली के जन समुदाय श्रीलाल,विनोद बागरी सचिव की सहभागिता रही एवं ग्राम पंचायत जी आर एस , सचिव, ग्राम पंचायत सचिव पाली एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि संतोष बर्मन, अमरीश राय, राहुल राय उप सरपंच,सहायक सचिव, धीरज जैन नेगई रामशरण राजभर ग्रामीण के लोग की उपस्थिति रही।

## स्वर्ण पद विजेता खिलाड़ियों को दी जाएगी 10 हजार की छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए 31 मई तक करना होगा आवेदन**

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह खेल वृत्ति मध्यप्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण संचालनालय द्वारा 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को दी जाएगी।

खेल वृत्ति के तहत स्वर्ण पदक विजेताओं को 10 हजार रुपए , रजत पदक विजेताओं को 8 हजार रुपए, एवं कांस्य पदक विजेताओं को 6 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। यह लाभ केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मिलेगा जो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। हालांकि, मध्यप्रदेश राज्य खेल अकादमी, प्रशिक्षण केंद्र, केंद्र, फीडर सेंटर या भारतीय खेल प्राधिकरण के अंतर्गत प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2025 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, से प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। खेलवृत्ति से संबंधित दिशा-निर्देश एवं नियमावली विभागीय वेबसाइट www.dsywmp.gov.in पर उपलब्ध है।

# अतिक्रमण से कराह रहा बाजार, मौन व्रत में नगर सरकार

# पुलिस व नगर पालिका मेहरबान तो फुटपाथ पर लग रही दुकान

## नगर में सड़क अतिक्रमण बना परेशानी का कारण, नागरिकों ने जताई नाराज़गी





अनूपपुर।

शहर के बाजारों में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण अवैध कब्जे से सड़कें सिकुड़ कर रह गई हैं। प्रशासनिक लापरवाही एवं व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के चलते अनूपपुर जिला मुख्यालय का शहर पूरी तरह से अतिक्रमण से पटा हुआ है। शिकवा शिकायत के बाद सीएम हेल्पलाइन के निर्देश से नगरपालिका अनूपपुर ने सुर्खियों में आने के लिए मात्र 1 दिन मेन रोड का अतिक्रमण हटाकर चुप्पी साध ली है। परिणाम यह है फिर से वही सब दुकानें सड़कों के दोनों तरफ प्रतिस्पर्धा को लेकर दुकानों से बाहर निकल कर सड़कों पर सज गई है लेकिन कोई देखने वाला नजर नहीं आ रहा है। बाहर से आने जाने वाले लोगों की नजर में जिला मुख्यालय का यह शहर लोगों को पसंद नहीं आ रहा। एक तो मास्टर प्लान के अनुसार आज तक शहर की बसाहट नहीं हो पाई और फिर व्यवसायिक एवं प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है कि लोग शहर को सुव्यवस्थित नहीं रहने देना चाहते।

### कर्तव्यों के इतिश्री तक कार्यवाही

व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में व्यापारी पूरी तरह से निडर हो गए हैं उन्हें शासन प्रशासन का कोई डर नहीं। अतिक्रमण हटाते समय दुकानें समेट लेंगे और फिर वह जानते हैं अतिक्रमण हटाने वाला अमला अब दोबारा नहीं आने वाला फिर वही व्यवसायी अपनी दुकानों को पूरी तरह सड़कों पर नालियों पर सजा लेते हैं। नगर पालिका, राजस्व अमला सभी चुप्पी साध लेते हैं पुलिस प्रशासन भी जब अभियान चलता है तो इन अतिक्रमण अमला के साथ नजर आते हैं उसके बाद उनको भी कोई लेना देना नहीं। देखा जाता है कि साप्ताहिक बाजार में जाम की स्थिति सड़कों पर लग जाती है लेकिन कोई उन्हें हटाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। जिला मुख्यालय का शहर जब जिले में बैठे वरिष्ठ अधिकारियों के रहते अतिक्रमण की चपेट में है तो पूरे जिले की कल्पना स्वतः की जा सकती है। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के लिए चेतना नगर स्थित शंकर मंदिर के पास एक अतिक्रमणकारी ने अतिक्रमण हटाने के लिए नगर पालिका को लिखित आश्वासन 20 नवंबर 2024 को दिया था कि उसके द्वारा अतिक्रमण हटा लिया जायेगा, अतिक्रमण नही हटाने पर उसके द्वारा दस हजार का जुर्माना दिया जायेगा जिस पर नगर पालिका के एआरआई ने स्थल पंचनामा भी बनाया था जिसके बाद न तो नगर पालिका दोबारा अतिक्रमण देखने आई और न ही अतिक्रमणकर्ता ने अतिक्रमण हटाया जो आज भी बदस्तूर जारी है।

### नाले तक में अतिक्रमण

नगर पालिका क्षेत्र में कुछ मार्गों पर चौड़ी सड़कें बना दी गई पैदल चलने वालों के लिए अलग से नाली के ऊपर मार्ग बना दिया गया लेकिन वह नाली भी पूरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में आ गई। धन्य है जिले की व्यवस्था दोषी दोनों हैं चाहे प्रशासन हो या व्यवसायी। आवश्यकता है नगर के लोगों को जागरूक होने की एवं जिला प्रशासन को जागरूक होने की। अगर जिला प्रशासन अपने लोगों को नियमित अभियान को गति देने का निर्देश जारी कर दें और निर्देशों का पालन नहीं करने वालों पर सामान जब्ती के साथ जुर्माने का अच्छा खासा प्रावधान कर दे तो निश्चित ही व्यवस्था में सुधार की उम्मीद की जा सकती है। देखना है आने वाले समय में शहर अतिक्रमण मुक्त होता है या फिर पूरा शहर अतिक्रमण से पटा नजर आता है।

### यहां तो हाल बेहाल, जल्द सौंपेंगे ज्ञापन

अनूपपुर नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। नगर के प्रमुख मार्गों पर, विशेषकर इंदिरा तिराहे से अमरकंटक रोड तक, दुकानदारों ने अपनी दुकानों का विस्तार सड़क तक कर लिया है। फलस्वरूप सड़कें संकरी हो गई हैं और आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है। राहगीरों और वाहन चालकों को जाम और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क पर फैलते दुकानों के कारण कई बार छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन जिला प्रशासन, नगर पालिका और कोतवाली व यातायात पुलिस की ओर से अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की चुप्पी से अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद हैं। नगरवासियों ने नियमों के पालन की माँग करते हुए कहा है कि सड़कें सार्वजनिक संपत्ति हैं और इन पर अतिक्रमण करना कानूनन अपराध है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था दुरुस्त हो और दुर्घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। ज्ञात हो कि नगर पालिका अधिनियम और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करने पर कार्रवाई का प्रावधान है। यदि प्रशासन तत्परता दिखाए, तो शहर की सड़कें फिर से सुचारु और सुरक्षित हो सकती हैं। नगर के सामाजिक संगठनों ने भी इस मुद्दे को लेकर शीघ्र ही एक ज्ञापन सौंपने की बात कही है।

## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हितों के लिये सभी जिला मुख्यालयों में करेगा प्रदर्शन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश के सभी पत्रकारों के हितों को लेकर मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ आगामी 1 मई श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के नेतृत्व में सभी जिला मुख्यालयों में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नाम कलेक्टर को 21 सूत्रीय मांग पत्र सौंपेगे। मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार प्रदेश के अन्य जिलों की भांति शहडोल संभाग के शहडोल, अनूपपुर,उमरिया जिले में यहाँ निवासरत सभी प्रदेश ,संभाग एवं जिला पदाधिकारियो की उपस्थिति में अनूपपुर जिलाध्यक्ष राजेश पयासी, शहडोल जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह परिहार एवं उमरिया जिलाध्यक्ष चंद्रकांत द्विवेदी के नेतृत्व में संबंधित जिलों के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे। अनूपपुर जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली को एक मई को देने की तैयारी कर ली गयी है। इसे लेकर विगत दिवस अनूपपुर में आयोजित संभागीय बैठक में आवश्यक चर्चा की गयी है। शहडोल संभाग के अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने सभी जिला अध्यक्षों से आग्रह किया है कि जिले में निवास रत सभी सम्मानित प्रदेश पदाधिकारी, सभी सम्मानित संभागीय पदाधिकारी और जिले के समस्त पदाधिकारी और सम्मानित सदस्यों को आमंत्रित करें और रैली के शक्ल में जिला कलेक्टर को यह ज्ञापन सौंपेगें। जिले के सभी पदाधिकारियो और सदस्यों से निवेदन किया गया है कि 1 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के सामने सोन नदी के तट पर शिव मन्दिर परिसर में एकत्रित होगें और यहाँ से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली जाएगी।

### अमरकंटक के जंगलों में लगी भीषण आग पर प्रभारी मंत्री ने जताई चिंता



**अमरकंटक।** जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार अमरकंटक के जंगलों में लगी भीषण आग को देख कर चिंतित हो गये। उन्होंने अमरकंटक से लगभग 8 किलोमीटर पहले अपने काफिले को रुकवाया और वाहन से नीचे उतर कर जंगल में लगी आग का स्वतः काफी देर तक अवलोकन किया। जिले के जंगलों मे अज्ञात तत्वों द्वारा आगजनी करने से वन एवं जैविक संपदा को भारी नुकसान हुआ है। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम एवं युवा भाजपा नेता राजा तिवारी के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।k

### तेज रफ्तार वाहन ने मोटर साइकिल सवार को मारी टक्कर

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के स्थानीय पुलिस थाना से महज एक किलोमीटर दूर शहडोल पेंड्रा रोड मार्ग के जैन मंदिर तिराहा में मारुति विटारा



ब्रेजा चौपहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 सी 3278 के चालक योगेश विक्रम सिंह ने लापरवाही पूर्ण तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी फलस्वरुप मोटरसाइकिल सवार पीयूष कुमार पिता शिव प्रसाद पानी का उम्र 20 साल नंद कुमार गोड 20 साल निवासी ननुहांन जिला डिंडोरी दुर्घटना पश्चात दूर गिरने से गंभीर चोट आई। दोनों घायल युवकों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक में भर्ती कराया गया। मोटरसाइकिल चालक पीयूष कुमार का दुर्घटना में दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया दोनों ही घायल युवकों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर दशा को देखते हुए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। घटना में प्रयुक्त वाहन लाल रंग की विटारा ब्रेजा को थाना में खड़ा कराया गया है। फरियादी लल्लू सिंह पिता रेवा लाल सिंह गोड उम्र 39 साल निवासी वार्ड क्रमांक 2 बराती अमरकंटक ने पुलिस थाना अमरकंटक में पहुंचकर उक्त घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। अमरकंटक पुलिस थाना के नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी उप निरीक्षक पी एस बघेल सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव प्रधान आरक्षक पूरन सिंह प्रधान आरक्षक राजेंद्र श्याम आरक्षक कृष्ण सिंह राजावत आरक्षक संतोष मरावी आरक्षक रघुराज सिंह ने घटना के तत्काल बाद घायल युवकों तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमरकंटक में लाकर समुचित इलाज करवाया।

# रिमझिम बारिश के बाद गर्मी से मिली राहत

# मौसम के बदले मिजाज ने फिजा में घोली ठण्डक

अनूपपुर।

जिले में मौसम ने अचानक करवट ली है। एक ओर जहां भीषण गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिली, वहीं दूसरी ओर बेमौसम बारिश और आंधी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। रविवार को दोपहर बाद तेज गर्जना और हवाओं के बीच झमाझम बारिश शुरू हुई, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। बारिश के चलते शहरवासियों ने गर्मी से राहत की सांस ली, लेकिन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगीं। खेतों और खलिहानों में रखी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खास तौर पर गेहूं की खड़ी फसल बेमौसम बारिश की मार झेल रही है, जिससे किसानों को बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। पिछले कुछ दिनों से जारी भीषण गर्मी के बाद बारिश ने आमजन को राहत पहुंचाई है।





### कोयलांचल मे भी दिखा मौसम का बदलाव

शनिवार रविवार को अचानक शाम से मौसम में बदलाव आ गया आसमान में बादल छा गए शनिवार को रात्रि दस बजे अचानक तेज आंधी तूफान के साथ धूल भरी आंधी चली। लगभग आधे घंटे तक चली आंधी के कारण जहां आमजन का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया वही लोगों के दुकानों में लगे नेम प्लेट के बोर्ड उड़कर सड़क पर गिर गए। आधे घंटे तक चले आंधी तूफान से जगह-जगह बड़े-बड़े पेड़ धराशाई हो गए वही आंधी तूफान थमने के बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई। रविवार की सुबह से ही आसमान में बादलों की लुकाछिपी होती रही। दोपहर दो बजे के बाद तेज आंधी तूफान चलने के बाद बारिश शुरू हो गई और लगभग 1 से 2 घंटे तक लगातार बारिश होती रही । जिसके कारण नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की विद्युत सप्लाई भी बाधित हो गई।

### विद्युत सप्लाई हुई बाधित

तेज आंधी तूफान के कारण जहां कोतमा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र एवं कोयलांचल क्षेत्र के दो दर्जन गांव में बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी जिसे दो से तीन घंटे के मेंटेनेंस के बाद बिजली की सप्लाई शुरू की गई। सहायक अभियंता राहुल कुमार श्रीवास्तव कनिष्ठ अभियंता लालमणि प्रजापति ने बताया कि रविवार को दोपहर मे अचानक मौसम में आए बदलाव के कारण आधे घंटे तक तेज आंधी तूफान चली जिसके कारण कोतमा नगर में कई जगह बिजली के तार के ऊपर पेड़ गिर जाने के कारण बिजली का तार टूट कर जमीन मे गिर गया। कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र मे में बिजली के तार के ऊपर पेड़ गिर गया जिसके कारण बिजली सप्लाई बाधित हो गई। अचानक आए मौसम में बदलाव के कारण जहां लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली वही मौसम बदलने के कारण मौसमी बीमारियां भी तेजी से फैलेगी।

### अमरकंटक में बारिश के बाद मौसम हुआ सुहाना

प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में रविवार दोपहर से तेज आंधी तूफान के बाद संध्या काल 6ः बजे से जोरदार तेज बारिश हुई, इसके चलते तापमान काफी नीचे आ गया है अमरकंटक नगर में दोपहर से ठंडी ठंडी तेज हवाएं चल रही थी। दोपहर 2ः बजे अमरकंटक का तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था तत्पश्चात भारी तेज आंधी तूफान के चलते पारा लगभग आठ डिग्री सेल्सियस नीचे गिर गया फल स्वरुप मौसम बहुत सुहाना हो गया। बाहर से आए पर्यटक तीर्थ यात्री ठंडी-ठंडी हवाओं के चलते काफी खुश नजर आए तथा साप्ताहिक बाजार में आए दुकानदार भी गर्म कपड़े खोजने मजबूर हुए। समाचार लिखे जाने तक लगभग 1 घंटे से पवित्र नगरी अमरकंटक में झमाझम बारिश हो रही है। पवित्र नगरी अमरकंटक में दोपहर से हो रहे आंधी तूफान के चलते एवं बारिश के कारण नगर की विद्युत व्यवस्था बाधित है।

## प्रभारी मंत्री ने बीजापुरी में कारीगर वर्कशॉप में पारंपरिक कला का किया निरीक्षण

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा है कि बीजापुरी नंबर 01 की स्थानीय प्रतिभा के विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। स्थानीय कलाओं के विकास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय कला को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए लोकल फॉर वोकल का फॉर्मूला देश को बताया है, जिस फार्मूले को अपनाकर हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं हमारी सरकार कार्य कर रही है।



प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर जिले के ग्राम बीजापुरी नंबर वन में कारीगर वर्कशॉप में पारंपरिक कला के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बीजापुरी नंबर 01 को एक आदर्श पर्यटक ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां की कला, संस्कृति और परंपराएं अत्यंत समृद्ध हैं और इनका संरक्षण न केवल हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह ग्रामीण विकास और रोजगार के नए द्वार खोलने का भी माध्यम है। यहां की सांस्कृतिक विरासत, कला एवं परंपराओं को संजोकर उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कि ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण व संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। बीजापुरी नंबर वन गांव अपनी सांस्कृतिक पहचान, जीवंत परंपराओं और कला के लिए जाना जाता है, जिस पर पूरे जिले को गर्व है। यहां की संस्कृति को संरक्षित कर उसे पर्यटन से जोड़ने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

**किया पारंपरिक कला का निरीक्षण-** प्रभारी मंत्री श्री अहिरवार ने पारंपरिक हस्तशिल्प, चित्रकला, बांस शिल्प और लौह कला का निरीक्षण भी किया और स्थानीय कारीगरों की प्रतिभा की सराहना की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा कर इन विभिन्न कलाओं के संबंध में विधिवत जानकारी प्राप्त की।ग्रामीणों में दिखा उत्साह प्रभारी मंत्री द्वारा गांव की विभिन्न कलाओं का निरीक्षण करते समय स्थानीय करीगरों और शिल्पकारों ने अपने कार्यों का प्रदर्शन किया। उन्होंने पारंपरिक तरीके से बनाए गए हस्तशिल्प, बांस से बनी वस्तुएं, लोहे की सुंदर कलाकृतियां और लोककला के विविध रूपों को प्रस्तुत किया। प्रभारी मंत्री ने इन सभी प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह ग्रामीण प्रतिभाओं की सच्ची झलक है।

# अमरकंटक में लगे पाकिस्तान एवं आतंकवादियों के मुर्दाबाद के नारे निकाला गया कैंडल मार्च, 2 मिनट का मौन रख दी गई श्रद्धांजलि



अमरकंटक।

विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर 28 हिंदू पर्यटक यात्रियों पर कायराना पूर्ण की गई निर्मम हत्या से आम लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है सभी सरकार से आतंकवाद एवं उनके आकाओं पर सख्त से सख्त कार्यवाही की सरकार से मांग कर रहे हैं सभी ने कहा सरकार आतंकवाद का जड़ से खत्म करें ना रहे बांस और ना बजेगी बांसुरी। आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता वे मानवता के दुश्मन है उनका नेस्तनाबूद करना ही आवश्यक है। पवित्र नगरी अमरकंटक के पावन सलिल नर्मदा नदी के रामघाट तट में भारी संख्या में स्थानीय नागरिकों, पर्यटक तीर्थ यात्रियों, एवं वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य, जनप्रतिनिधियों ने शांति कुटी आश्रम के सामने से रामघाट तक शहीदों के आत्मा की शांति हेतु कैंडल मार्च निकालकर विनम्र भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनों ने आक्रोशित होते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवादी मुर्दाबाद भारत माता की जय हम सब एक हैं के गगन भेजी नारे लगभग आधे घंटे तक लगाए। श्रद्धांजलि सभा का संचालन डॉक्टर परमानंद तिवारी एवं श्यामलाल सेन ने संयुक्त रूप से किया। लगभग आधा सैकड़ा से भी अधिक लोगों ने समवेत कहा कि भारत सरकार अब आतंकवादियों एवं उनके समर्थकों का खात्मा करें अब समय आ गया है कि आतंकवाद का समूल नष्ट होना चाहिए उनको जड़ से उखाड़ कर फेंक दे। सभी लोग भाव बिहबल दिखे। शोक श्रद्धांजलि सभा में छत्तीसगढ़ के डॉक्टर अभिजीत तिवारी डॉक्टर गरिमा तिवारी श्रीमती गिरजा शुक्ला डॉक्टर निराजना तिवारी पर्यटक तीर्थ यात्री वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी राजकुमार दुबे डॉक्टर परमानंद तिवारी राम नरेश तिवारी डी एस राव शशि सुहाने राधेश्याम उपाध्याय रामसरोवर द्विवेदी निलेश गौतम सभी सेवानिवृत कर्मचारी पार्वती सिंह उईके अध्यक्ष नगर परिषद रज्जू सिंह नेताम उपाध्यक्ष पार्षद विमल दुबे उषा सिंह उईके, रोहित लाल त्रिपाठी लखन द्विवेदी राहुल तिवारी आचार्य सरस्वती शिशु मंदिर श्याम लाल सेन अध्यक्ष कांग्रेस हरि सिंह उईके पत्रकार धनंजय तिवारी श्रवण उपाध्याय उमाशंकर पांडे मुन्नू सोमू दुबे सभी जन उपस्थिति एवं शामिल हुए।

# पुलिस अधीक्षक अनूपपुर का नवाचार गांव-गांव में लगाई जा रही ट्रैफिक चौपाल



अनूपपुर।

सड़क दुर्घटना घटित होने का मुख्य कारण वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन ना करना या नियमों के प्रति अनभिज्ञता होना है, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा एक नवाचार करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूकता लाने के लिए गांव गांव में जाकर ग्रामीण जनों के बीच ट्रैफिक चौपाल आयोजित की जा रही है,जिसके माध्यम से लोगों को सड़क दुर्घटना के कारण ट्रैफिक रूल्स एवं सुरक्षा के उपाय बताया जा रहे हैं। यातायात प्रभारी अनूपपुर ज्योति दुबे द्वारा ग्राम पसला मे ट्रैफिक अवेयरनेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पसला गांव के निवासियों को रोड पर चलते समय क्या क्या सावधानियां रखना है, वाहन चलाते समय हेलमेट और शीतबेल्ट लगाने से लाभ गुड सेमरिटन योजना, हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी दी ड्रिंक एंड ड्राइव तथा ओवर स्पीड किस प्रकार दुर्घटना का कारण बनते हैं विस्तार से बताया रोड पर चलते समय ब्रेकिंग डिस्टेंस ओवरटेक करने के तरीके आदि के विषय में बताया। कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस,गांव की सरपंच संत्री सिंह सहित 60 से लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओ को रोकने में सहयोगी भूमिका निभाने में रुचि रखने वाले राजकुमार पटेल और राहुल पटेल को ट्रैफिक मित्र के लिए चयनित किया गया जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा सदस्यता दिलाई जाएगी।